दिनांक : 27.07.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन के साथ हुए ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते को भारत में बढ़ते वैश्विक विश्वास का प्रतीक बताया
- प्रधानमंत्री आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ विचार साझा करेंगे
- नकली खाद बीज वालों के खिलाफ कार्रवाई की केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दी चेतावनी
- प्रदेश के सात जिलों में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी

---------------------------------------------------

पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन के साथ हुए ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते को भारत में बढ़ते वैश्विक विश्वास और राष्ट्र के नए आत्मविश्वास का प्रतीक बताया है। तमिलनाडु के थूथुकुडी में 4,800 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन के बाद  कल रात जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस आत्मविश्वास से एक विकसित भारत और एक विकसित तमिलनाडु के निर्माण को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते से भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ होगी और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में देश की प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा।

---------------------------------------------------

पीएम-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-दुनिया के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की यह 124वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़.ऑन.एयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी

समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

---------------------------------------------------

टूरिज्म कॉन्क्लेव

रीवा रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में निवेशकों ने रीवा और शहडोल संभाग में 3 हजार करोड़ से अधिक के निवेश की इच्छा जताई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल रीवा में दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव के शुभारंभ कार्यक्रम में पर्यटन क्षेत्र के निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि इन क्षेत्रों के लिए एक नई सुबह का आगाज़ हुआ है और यह ऐतिहासिक पल दोनों संभागों के लिए आर्थिक समृद्धि और रोजगार के नए द्वार खोलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हम विरासत से विकास की ओर मिशन मोड में आगे बढ़ रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा कि अपनी मीठी बोली, कला, संस्कृति, खान-पान में अपनत्व समेटे और सघन वनों की हरियाली से आच्छादित इस हरित क्षेत्र में आइडियल टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनने की पूरी संभावना है।

---------------------------------------------------

शिवराज

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है की युनाइटेड किंगडम यूके में भारत से निर्यात होने वाले कृषि उत्पाद पर जीरो प्रतिशत टैक्स पॉलिसी के तहत किसी प्रकार का कर नही लगेगा। यह देश के किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। क्षेत्रीय सांसद श्री चौहान ने रायसेन में जिला विकास समन्वय व मूल्यांकन समिति दिशा की बैठक में शामिल होने के बाद पत्रकारों से चर्चा में कहा कि अमेरिका से भी टैरिफ वॉर पालिसी में भारत ने साफ रुख कर दिया है कि हम भारत के किसानो का हनन नही होने देंगे और किसानो के हित में ही भारत अपना निर्णय रखेगा। उन्होंने कहा कि नकली खाद को लेकर सरकार सख्त हैं। सरकार जल्द ही इस विषय पर कठोर कानून लाकर नकली खाद बीज वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। इसके मैंने मुख्यमंत्रियों को चिट्ठियां लिखी हैं।

---------------------------------------------------

सिकल सेल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सिकल सेल को वर्ष 2030 तक प्रदेश से समाप्त किया जायेगा। सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित मरीजों की पहचान कर उन्हें समुचित चिकित्सा सुविधा एवं पोषण आर्गेनिक किट उपलब्ध कराने में किरण सेवा संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगा। उप मुख्यमंत्री ने किरण सेवा संस्थान रीवा में सिकल सेल परामर्श एवं पोषण मित्र केन्द्र का शुभारंभ किया। श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा जिले के साथ शहडोल जिले में भी किरण सेवा संस्थान ग्रामीण क्षेत्र तक सिकल सेल से पीड़ित मरीजों की पहचान कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श व आर्गेनिक पोषण किट प्रदान करेगा।

---------------------------------------------------

जनजातीय

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि महानगर और शहर ही नहीं बल्कि जनजातीय क्षेत्रों के संर्वागीण विकास के लिए राज्य सरकार कृत-संकल्पित है। उप मुख्यमंत्री ने कल मण्डला जिले के ब्लॉक बिछिया की निर्वाचित वार्ड पंच एवं सरपंच महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ पानी मिले, आवागमन बेहतर हो, बिजली की निर्बाध आपूर्ति हो और आम जनमानस बुनियादी सुविधाओं में कोई कमी न आए, इसके लिए हमारी सरकार काम कर रही है। महिला प्रतिनिधियों ने बताया कि वे कान्हा नेशनल पार्क के आस-पास के क्षेत्र से आती हैं, जहाँ विस्थापन की बार-बार उठती आशंकाओं ने लोगों में डर का माहौल बना दिया है। उप मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि विस्थापन को लेकर ऐसा कोई मसौदा फिलहाल नहीं है और क्षेत्रवासियों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

---------------------------------------------------

मानसून

प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। प्रदेश के 30 से अधिक जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज सुबह तक के अनुमान में प्रदेश के सात जिलों में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया हैं। इनमें सीहोर नर्मदापुरम, बैतूल हरदा नरसिंहपुर छिंदवाडा शामिल है। इसके अलावा 21 जिलो में ओरैंज अलर्ट जारी किया गया हैं। बैतूल के सारणी के सतपुड़ा बांध सात गेट खोल दिए गए हैं। मुरैना के पगारा बांध के 6 गेट खोल दिए गए हैं। सीहोर में तेज बारिश होने से कोलांस नदी उफान पर है। झाबुआ, खंडवा, शहडोल जिलों में भी बारिश हुई। ग्वालियर

जिले में अतिवृष्टि से हुए जल भराव से प्रभावित गाँवों के लोगों के लिये राहत शिविर स्थापित किए गए हैं। साथ ही जहाँ पर अत्यधिक जल भराव हुआ है वहाँ लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। डबरा विकासखंड के ग्राम नंदू का डेरा और ग्राम खेड़ीरायमल में भी रेस्क्यू ऑपरेशन कर लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया जा रहा है। वहीं खंडवा में इंदिरा सागर बाँध के ऊपरी नर्मदा कछार में जारी भारी वर्षा के बाद नर्मदा नदी में जल का अत्याधिक प्रवाह हो रहा है। जिसके चलते इंदिरा सागर बांध के 12 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा हैं। जबकि ओंकारेश्वर बांध के 9 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा हैं। ओंकारेश्वर बांध से कुल 3 हजार 510 क्यूमेक्स पानी छोड़ा जा रहा हैं। जिसमें गेट से 1 हजार 614 क्यूमेक पानी एवं टर्बाइन से 1 हजार 896 क्यूमेक्स पानी छोड़ा जा रहा हैं। प्रशासन ने नर्मदा नदी किनारे बसे गांवों के लोगों से सतर्क रहने और किसी भी हालत में नदी किनारे न जाने को कहा है।

---

क्रिकेट

मैनचेस्टर में एंडरसन-तेंदुलकर क्रिकेट श्रृंखला के चौथे टेस्ट मैच के अंतिम दिन भारत आज अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 174 रन से आगे खेलना शुरू करेगा। इंग्लैंड ने पहली पारी में 669 रन बनाये और भारत पर 311 रन की बढ़त बना ली। भारत इंग्लैंड से अब भी 137 रन पीछे है।

इससे पहले, बेन स्टोक्स के 141 रन की शानदार पारी खेली। जो रूट ने 248 गेंदों पर 150 रन बनाए। वे टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे अधिक रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। वहीं भारत ने अपनी पहली पारी में 358 रन बनाए थे। पाँच मैचों की इस श्रृंखला में भारत दो-एक से पीछे है।

---

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मंडला में कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने जिले के निर्माण कार्यों एवं विभिन्न विभागों की योजनाओं समीक्षा बैठक ली।
- बैतूल जिले में सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सीएम राइज विद्यालय भीमपुर में एक दिवसीय शिक्षक अभिविन्यास प्रशिक्षण में 102 शिक्षकों ने सहभागिता की।

- भोपाल के तुलसी मानस भवन में कल से शुरू हुए प्रवचन में .दीदी माँ मन्दाकिनी श्रीरामकिंकर ने मानस का गूढ़ चिन्तन प्रस्तुत किया।
- निवाडी कलेक्टर विवेक जांगिड ने कल सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात अवरुद्ध ना होने देने और फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।
- मंदसौर में कल दो दिवसीय कला उत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ।
- धार जिले के शासकीय आईटीआई में प्री-प्लेसमेंट ड्राइव 19 युवाओं का साक्षात्कार के माध्यम से स्थायी पदो पर चयन किया गया।
- जबलपुर जिले के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकोशल में युवा संगम रोजगार तथा स्वरोजगार जिला स्तरीय कॅरियर मेले में 401 युवाओं का प्राथमिक चयन किया गया।

---------------------------------------------------